राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 रुपए

नागराज का दुश्मन

नागराज का दुश्मन

लेखक :- तरुणकुमार वाही
सम्पादक :- मनीष चन्द्र गुप्त
कलानिर्देशन :- प्रताप मुलीक
चित्रकार :- चंदू
सुलेख :- विलास पालवणाकर

प्रोफेसर नागमणि का बनाया एक अदभुत नागमानव, नागराज। आतंकवादियों का घोर शत्रु, नागराज। जिसका सफर आसाम के घनघोर जंगलों से आरम्भ होकर शंकर-शहंशाह के आश्रम में पहुंचकर समाप्त नहीं हो गया था। जबतक विश्व में एक भी आतंकवादी दल मौजूद है, नागराज का ये खूनी सफर जारी रहेगा।

भारत की राजधानी दिल्ली की भीड़ भरी एक सड़क पर एकाएक उस वृद्धा ने चीख-चीखकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया -

दोनों हवलदार उस उचक्के के पीछे लपके -

ट्रेन गुजरते ही दोनों हवलदारों का माथा घूम गया-
आंय! कहां गया कम्बख्त?
गायब!

वृद्धा के साथ कुछ और लोग भी वहां आ पहुंचे-
हाय! मेरा पर्स।
आज कल के चोर-उचक्के पुलिस से तेज दौड़ते हैं भई!
लगता है वो पर्स लेकर भागने में सफल हो गया है।
?

अरे! तुम दोनों इतने हट्टे-कट्टे होकर एक छोटे-मोटे चोर-उचक्के को नहीं पकड़ पाए।
व..वो...म.. मां जी? वो ट्रेन?

अरे, ट्रेन-ट्रेन क्या करता है। नागराज का नाम सुना है?
नागराज??

अगर नागराज यहां होता तो किसी की क्या मजाल थी कि वो उचक्का मेरा पर्स छीनकर ले जाता।
उसने विश्व के बड़े-बड़े आतंकवादियों के छक्के छुड़ा रखे हैं।...

इंग्लैण्ड के नाटिंघम शहर से दूर नदी किनारे पिकनिक मनाते कुछ बच्चों का एक समूह-

याSSSSS ये गई फुटबाल।

??
?
!?

यह क्या ? बॉल तो ऊपर ही अटक गई।
खेल खत्म!!

बॉब के बच्चे! इतनी जोरदार किक मारने की क्या जरूरत थी ?
एलबर्ट, मुझे क्या मालूम था कि बॉल ऊपर ही अटक जायेगी।

अब लड़ने से बॉल तो नीचे आने से रही।
फिर क्या करें?

बॉब! मैंने अभी - अभी नागराज का नया कॉमिक 'नागराज और शंकर-शहंशाह' पढ़ा है। इस समय हमारी मदद केवल नागराज ही कर सकता है।

नागराज
मेरा सुपर हीरो नागराज
ओह नागराज

काश, नागराज यहां होता?
काश कि मैं ही नागराज होता तो...

शूं:ऽऽऽऽ शूं:
मैं अभी फुटबॉल उतार लाता हूं।

यह लो अपनी फुटबॉल!

और तभी हवा के झौंकों से फुटबाल नीचे आ पड़ी–
ओह!
सुपर हीरो नागराज का नाम सुनते ही नीचे आ गई!

उधर एक तरफ नागराज का नाम बच्चे-बच्चे की जबान पर था और इधर स्विट्जरलैण्ड में अंधेरे में डूबी एक इमारत-

इमारत की बीसवीं मंजिल, जिसकी चारों दीवारों पर लोहे की कीलें लगी हैं-

उन कीलों में हर समय घातक करन्ट प्रवाहित रहता है...

... जिनसे स्पर्श मात्र का मतलब है-मौत!

छत के प्रत्येक कोने पर एक-एक प्राशिक्षित कमांडो...

...जिनकी गनें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही भून देने को आतुर रहती हैं-

इमारत की इस बीसवीं मंजिल पर स्थित था यह बैंक…
BANK OF SWISS

… जिसके वॉल्ट में बड़े-बड़े उद्योगपतियों के गुप्त खातों की बेशुमार दौलत कैद थी…
…और था सैकड़ों लॉकर्स में कैद एक अनमोल खजाना!

और आज इस बेशुमार दौलत पर निगाहें थीं ज्यूरिच प्राइड होटल की तीस मंजिला इमारत की छत पर खड़े, उस साए की-
ZURICH HOTEL

और यह साया था नागराज का-
हा हा हा! कुछ ही देर में इस बैंक की सारी दौलत मेरी होगी!
न…न…न… चौंकिए मत!

यह शत प्रतिशत नागराज ही है-
दीवारों पर लगी करन्टयुक्त लोहे की कीलें मेरा क्या बिगाड़ लेंगी!

सर्प रस्सी छूट पड़ी-

नागराज नागरस्सी पर लटकता हुआ मंज़िल की ओर बढ़ा-

और चीते से भी चौकन्ने एक कमांडो की निगाहों में आखिर वह आ ही गया-

खतरा! कमांडोज, कोई रस्सी की मदद से बैंक की ओर आने की चेष्टा कर रहा है।
??
??

कमांडो नम्बर दस की ओर बढ़ता कमांडो नम्बर नौ अचानक बुरी तरह से चौंक पड़ा-
अरे! यह क्या बंधा है? रस्सी?

सांप?

सर्प रस्सी?? नागराज!!

इसे हवा में ही शूट कर दो।
रस्सी कैसे बांधी होगी?

कमांडो नम्बर नौ चीख पड़ा-
नहीं! गोली मत चलाना, वह नागराज है।

नागराज निर्विघ्न छत पर उतर आया-

सभी सर्प वापिस नागराज के शरीर में समा गये।

नम्बर दस की गन चीख पड़ती, उससे पहले ही सर्प रस्सी झपटी...

और सांप का फन्दा कस गया–

पलक झपकते ही चारों की लाशें फर्श पर पड़ी थीं
आज बैंक लूटने से मुझे कोई नहीं रोक सकता।

सीढ़ियों से उतरते ही नागराज का सामना गैलरी में गश्त लगाते कमांडोज से हुआ-
अरे नागराज!
नागराज! यहां?
नागराज!
नागराज, बेटे, काफी प्रसिद्ध हो।

किसी को कुछ पूछने तक का अवसर नहीं मिला-

उफ

तीनों कमांडोज खड़े तो बिजली की सी तेजी के साथ हुए, लेकिन उनका सामना नागराज से था-
झूंऽऽ झूंऽऽ झूंऽऽ
अवसर चूकना अकुशल जंगबाज की निशानी है।...

...और मैं अपने दुश्मन को कभी अवसर नहीं देता।
रस्सी खींचते ही तीनों कमांडोज तीव्र झटके के कारण नागराज की बांहों के शिकंजे में आ फंसे थे-

तीनों कमांडोज को समाप्त कर नागराज हवा में उछला —
गेट में करन्ट दौड़ रहा है। लेकिन मैं इसको छुऊंगा नहीं।

नागराज ने वास्तव में ही उसे छुआ नहीं था। अगले ही क्षण वह गेट के उस पार था —

नागराज वॉल्ट की ओर जाने वाली उस पतली गैलरी में दौड़ पड़ा। उसी क्षण दीवारों से ऑटोमैटिक गनें निकल कर नागराज पर बरस पड़ीं —
जिंग
जिंग
जिंग
VAULT
ओह! दीवार में छिपी गनें!

गोलियों की बौछार भी नागराज को न रोक सकी —
जिंग जिंग
कोई दूसरा होता तो उसकी लाश फर्श पर पड़ी होती, लेकिन मुझ पर बरस कर ये गोलियां भी अपने असली होने पर शक करेंगी!
नागराज वॉल्ट के दरवाजे तक जा पहुंचा और तबतक गनें भी सारी गोलियां बरसाकर थक चुकी थीं।

अचानक नागराज के हाथ में कैप्सूल जैसी कोई चीज दिखने लगी —
VAULT

नागराज ने कैप्सूल वॉल्ट के दरवाजे पर खींच मारा-

बड़ाम

कैप्सूल के रूप में वह एक शक्तिशाली बम था, जिसने वॉल्ट के एक फुट मोटे लोहे के दरवाजे के चिथड़े उड़ा दिये-

अब मंजिल नागराज के सामने थी-

खजाना इस तहखाने में है और तहखाने के फर्श पर बरछियों का जाल बिछा है...

...ताकि इस अंधेरे में कोई लुटेरा अगर वॉल्ट लूटने की हिम्मत करके भीतर एक कदम भी बढ़ाए तो यह कक्ष उसके लिए मौत का सलीब बन जाए।

नागराज की सर्प-रस्सी छत पर लगे पंखे पर कस गई और...

...नागराज झूलता हुआ...

...उन बरछियों को पार कर बेशुमार दौलत के बीच जा पहुंचा-

बाहर के सर्वाधिक सुरक्षित बैंक की यह बेशुमार दौलत अब मेरी है।

उसने अपनी बेल्ट की जगह बंधे फोल्डिंग बैग को खोल लिया और बेशुमार दौलत की ओर बढ़ा-
जूते की ठोकर से उसने दौलत को आजाद किया।

उसी के साथ नागराज एक क्षण के लिये चौंक पड़ा-
ट्रूऽऽऽऽऊँऽऽऽ
ओह! अलार्म

नागराज तेजी के साथ नोटों की गड्डियां बैग में भरने लगा-
ट्रूऽऽऽऽऽऊँऽऽ

बैग लबालब भरने के बाद नागराज पुन: छत की ओर लपका, लेकिन तभी-
फायर
ओह!
ज़िंग
ज़िंग

लेकिन नागराज सुरक्षित छत पर पहुंच गया, और-

नागराज!

सर, वह तो नागराज है!
नागराज और बैंक डकैती? असम्भव!

लेकिन कमांडो अफसर को अपनी आंखों पर विश्वास करना ही पड़ा—
यह शत-प्रतिशत नागराज था! मुझे तुरन्त यह सूचना दूसरे केन्द्रों को प्रसारित करनी होगी...

और इस सूचना ने सनसनी फैला दी—
नागराज को देखते ही गिरफ्तार कर लो!
नागराज द्वारा स्विस बैंक डकैती...

अगले दिन के न्यूजपेपर सुर्खियों के साथ चीख रहे थे—
TIMES
BANK ROBBERY
BY NAGRAJ
SWISS EXPRESS
NAGRAJ : THE ROBBER
ROBBERY IN CITY'S PRIME BANK
नवभारत टाइम्स
आतंकवाद के दुश्मन नागराज का एक वीभत्स रूप

जिनेवा से लंदन जानेवाले स्विस एयर के एक बोइंग विमान ने एयर पोर्ट से उड़ान भरी—

विमान के साथ ही एक शरीर भी हवा में उठ गया—
?!
!!

विमान के नीचे कोई लटका हुआ है।
कौन होगा? कहीं कोई टैररिस्ट तो नहीं!

कण्ट्रोल-रूम को खबर दो। क्विक।
प्लेन खतरे में है।

पलक झपकते ही सूचना कण्ट्रोल रूम में पहुंच गई-
क्या ? ल..लेकिन?
...लेकिन को छोड़ो, विमान के पाइलैट को सूचित करो। जल्दी।

उधर विमान के साथ सर्प-रस्सी पर लटका जा रहा वह साया था- नागराज का।
मेरा दूसरा निशाना। यह बोइंग विमान।

विमान में बैठे यात्री अभी अपनी सेफ्टी बैल्ट भी न खोल पाए थे कि एक लड़की चीख पड़ी-
स्नेक!

न केवल वह लड़की, बल्कि कई यात्रियों के मुंह से दहशतनाक चीखें उबल पड़ीं-
सांप
सांप
??
आऽऽ सांप

एयर होस्टेस क्रिस उस वक्त भय से कांपकर जड़ हो गई-
?
बचाओ। सांपों की सेना है ये तो।

हर चेहरा भय व आतंक से जर्द पड़ गया-

इस प्लेन से अब लाशें ही उतारी जायेंगी।

कोई नहीं बचेगा।

सांपों की सेना ने उन्हें घेर लिया था। और घिरे हुए यात्रियों के चेहरों पर कांप रही थीं मौत की परछाइयां।

लेकिन बहुत अचानक ही भूत की तरह प्रकट हुआ वहां नागराज -
विमान, अब नीचे नहीं उतरेगा! ऑफिसर, बल्कि यहीं एयरपोर्ट पर चक्कर लगाएगा ...
त... तुम?
इन्सान है कि जादूगर!

... और तब तक चक्कर लगाएगा जब तक इसमें ईंधन की एक भी बून्द बाकी है...

...मुझे बीस करोड़ रुपया चाहिये ऑफिसर! मैंने एक टाइम बम विमान में उतने समय के लिये फिक्स कर दिया है।...

...जितने समय का ईंधन विमान में मौजूद है। अगर रुपया मिलने में अधिक समय लगा तो बम ब्लास्ट हो जायेगा।

...रुपया एक हैलीकॉप्टर में भेजा जाए। मैं वह रुपया हैलीकॉप्टर से स्वयं ले लूंगा। सोचने का समय नहीं हैं आफिसर्स। ढाई सौ जिन्दगियां मेरे कब्जे में हैं। ओवर!

नागराज, प्लीज! हमें इस मुसीबत से छुटकारा दिलाओ!

हां, नागराज! जाने ये सांप कहां से विमान में आ गए हैं?

ओह! लगता है तुम दोनों को सांपों से बहुत डर लगता है! ठीक है, यह लो...

हे भगवान! ये तो हत्यारा नागराज है!
आSSS ह
!!
??
...और किसी को चाहिये छुटकारा?
सब मानो बुत में बदल गए -

नागराज एक नवविवाहित युवती के निकट पहुंचा और -
तुम्हारा यह हीरों का जड़ाऊ हार बहुत अच्छा है। यह मुझे दे दो।
न...नहीं!!

प्लास्टिक धागों में पिरोए हुए हार को नागराज ने एक झटका दिया, परिणाम स्वरूप...
...युवती की गर्दन कटकर धड़ से अलग हो गई -

तूने मेरी बीवी को मार डाला नागराज, हत्यारे। मैं तुझे जिन्दा नहीं छोड़ूंगा।
ओह!

नागराज ने सम्मोहन छोड़ा -
आ....म...मेरा सिर...म.. मुझे क्या हुआ?
तुम मेरा आदेश मानोगे....

जाओ, विमान का दरवाजा खोलकर कूद जाओ।

युवक ने दरवाजा खोला और कूद गया-

तुम मेरे लिये दूध लेकर पाइलट कक्ष में पहुंचो मिस क्रिस, समझीं?
ह-- हां!

नागराज वापिस पाइलट कक्ष में पहुंचा-
रुपयों की कोई सूचना आई?
न--नहीं! अभी नहीं!

जबकि मेरे अनुमान से विमान में अब केवल एक घण्टे का ईंधन होना चाहिये।

उधर एयर-पोर्ट के बाहर भारी भीड़ जमा हो चुकी थी-
नागराज ने विमान हाइजैक कर लिया है।
बीस करोड़ की डिमान्ड।
अगर यह डिमान्ड पूरी नहीं हुई तो....?
ENQUIRY

नागराज उड़ान के बाद से ही प्लेन को एयर-पोर्ट के ऊपर चक्कर लगवा रहा है।
नागराज ऐसा भी कर सकता है?
हां, विमान में ईंधन चुकने तक सरकार को सोचने का समय दिया है, उसने।

उच्चाधिकारियों की आपातकालीन मीटिंग चल रही थी-
नहीं! अगर हमने इस नाजायज मांग को स्वीकार कर लिया तो यह हमारी हार होगी।
नहीं किया तो ढाई सौ नागरिकों की मौत।

उफ! कम्बख्त ने विमान को कहीं उतारा भी तो नहीं, अन्यथा हम कोई उपाय करते।

उसने रुपया भी हैलीकॉप्टर से मंगवाया है। बहुत चालाक है।।

तभी कण्ट्रोल रूम से सूचना प्रसारित हुई-
विमान में अब केवल आधे घण्टे का ईंधन बचा है।
??
??
??

सोचने का समय नहीं है सर, हमें तुरन्त कुछ करना होगा।
डोंट वरी, उसे बीस करोड़ रुपया चाहिये। अगर उसने विमान उड़ा दिया तो वह उसे नहीं मिलेगा। उसे बातों में उलझाए रखना होगा, ताकि तब तक हम इस समस्या से निपटने का कोई उपाय तलाश कर लें।

और फिर ज्यों-ज्यों समय गुजरता गया, सबकी सांसें रुकने लगीं। विमान में सवार चालक दल सहित सभी ढाई सौ व्यक्तियों के चेहरे मौत के भय से पीले पड़ गए थे-
केवल पन्द्रह मिनिट और।
कोई नहीं बचेगा।

उधर नागराज पाइलट कक्ष में दूध पी रहा था-
केवल पांच मिनट रह गये हैं नागराज।
वाह!

क्रिस साहस जुटाकर कह ही गई-
नागराज,हमारे साथ तुम भी तो मरोगे,फिर बीस करोड़ रुपया कहां से लोगे?
तुमसे किसने कहा, मैं मरूंगा! और अब मेरा दिया गया समय समाप्त होने में केवल दो मिनिट रह गए हैं।

...इन दो मिनिटों में तुम विमान हवाई पट्टी पर उतार सको तो उतार लो। मैं चला।

नागराज नीचे कूद गया-

और पैराशूट की मदद से नीचे जाने लगा-

नीचे खड़े अधिकारी चौंक पड़े-
वह नागराज है। वह विमान से कूद गया है। एलर्ट, नीचे उतरते ही उसे गोलियों से भून डालो।

लेकिन अब विमान का क्या होगा?
पाइलट उसे नीचे उतारने की कोशिश कर रहा है।
SWISSAIR

जबकि विमान के भीतर -
नागराज कूद गया। पैराशूट लाओ। कूदो।
बम फटने में कुछ ही क्षण शेष हैं। भागो, कूद जाओ।

वे करोड़ों आंखें भीग गईं, जो अपने-अपने टी.वी. सैटों पर अपलक निगाहें गड़ाएं वह खौफनाक दृश्य देख रही थीं-

नागराज! यह तूने क्या किया?

नहीं! मेरा बेटा इतनी भयानक मौत नहीं मर सकता।

नागराज, काश, तुम्हारी मौत मेरे हाथों हो।

उसी क्षण दो कैप्सूल बम नागराज ने दो दिशाओं में फेंक मारे–
बड़ाम
बड़ाम
प्रत्येक ओर गहरा काला धुआं छा गया–

इधर धुआं छंटा, उधर नागराज गायब–
नागराज कहां गया?
??
??

अगला दिन समाचारपत्र बेचने वालों की चांदी का था–
आज की ताजा खबर। नागराज, पागल और खूनी हो गया। स्विट्ज़रलैण्ड में हंगामा।
एक देना
एक मुझे
एक मुझे

भारत: स्थान गोआ। बच्चों का एक क्लब- इण्टरनेशनल चाइल्ड केयर।
CHILDREN CONFERENCE HALL

देश के कोने-कोने से आज इस क्लब के बाल-सदस्यों को आमंत्रित किया गया था-
जल्दी करो। समय हो गया है।

और फिर सभी काम रोक दिये गए-
सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वो नागराज के पुतले से दस-दस फीट दूर आकर खड़े हो जाएं।

बाल सदस्यों की भीड़ नागराज के पुतले के इर्द-गिर्द आ जमा हुई और -
हमारा नागराज, हमारा सुपर हीरो नागराज, जो आतंकवाद का सिर कुचलते-कुचलते स्वयं आतंकवादी बन गया है। आज हम विश्व-शांति के नाम पर नागराज को बुराई का प्रतीक मानते हुए उसका पुतला जलायेंगे।

यह सुनते ही बच्चे शोर मचाने लगे-
नागराज को मार दो।
नागराज को जला दो।
नागराज को फांसी दो।

नेता बालक ने आगे बढ़कर नागराज के बुत को आग्नि दिखा दी-

नागराज मुर्दाबाद

हेऽऽ

बुराई को जड़ से समाप्त कर दो।

उसी पल-

छप

पप

नागराज आ गया।

भागो नागराज आ गया।

हा हा हा

नागराज की दो धारी तलवार घूम गई-

आऽऽऽ

ईऽऽऽऽ

भागो। भागो

आह
हा हा हा! मेरा पुतला जलाने का शौक था।

अब तुम सब भी जलोगे।
आ SSS

नागराज की सर्पशक्तियां-
ईSSS
सांप
स... सांप

बचाओ!
बच्चों में अफरा-तफरी मच गई-

अरे! मगर यह क्या? अज्ञात दिशा से 'नागराज' की ओर झपटने वाली ये सर्पशक्तियां किसकी हैं?
?

यह एकाएक ही क्या हो गया?
दूसरा नागराज कहाँ से पैदा हो गया?
असली कौन है? नागराज का दुश्मन कौन है?
इन सब धधकते प्रश्नों का उत्तर जानने के लिए
नागराज का अगला ज्वालामुखी कॉमिक्स
पढ़ना न भूलें-